# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 17 अक्टूबर , 2023 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को 12.15 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आचार्य प्रमोद कुमार जैन, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | आचार्य रजनेश त्यागी, अधिष्ठाता (संकाय कार्य) | - | सदस्य |
| 3. | आचार्य विकाश कुमार दुबे, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) | - | सदस्य |
| 4. | आचार्य लाल प्रताप सिंह, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) | - | सदस्य |
| 5. | आचार्य एस.बी.द्विवेदी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) | - | सदस्य |
| 6. | श्री राजन श्रीवास्तव, कुलसचिव (प्रभार) | - | सदस्य |
| 7. | आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 8. | आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 9. | आचार्य सत्यवीर सिंह, रासायनिक एवं अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 10. | डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन-II) | - | सदस्य |
| 11. | श्रीमती स्वाति बिस्वास, संयुक्त कुलसचिव (लेखा) | - | सदस्य |
| 12. | मेजर निशा बलोरिया (सेवा.), उप कुलसचिव (राजभाषा) | - | सदस्य सचिव |

आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, संगणक विज्ञान विभाग एवं उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, एवं श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, वाराणसी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

उपरोक्त बैठक में श्री महेश पांडेय, प्रणाली विशेषज्ञ (सी.सी.आई.एस), श्री शशांक पाठक, हिन्दी अनुवादक तथा श्री राजीव रंजन, अधीक्षक भी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

**मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30 जून, 2023 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

दिनांक 30 जून, 2023 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

**मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 30 जून, 2023 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा:**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30 जून, 2023 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

1. अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) से हिन्दी में तैयार शैक्षणिक प्रपत्रों को सीनेट में रखकर पुष्टि करवाने का अनुरोध किया गया था। इस संबंध में अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) ने अवगत कराया कि उक्त प्रपत्रों के अलावा अन्य शैक्षणिक प्रयोग के प्रपत्र भी शेष बचे हुए हैं, जिसको हिन्दी में तैयार किया जाना अभी बाकी है।
   अतः यह निर्णय लिया गया कि शेष बचे हुए प्रपत्रों को हिन्दी में तैयार कारवाने हेतु राजभाषा प्रकोष्ठ को भेजा जाए तथा हिन्दी में पहले से तैयार प्रपत्रों को निदेशक सह-अध्यक्ष से अनुमोदित कराके आगामी प्रस्तावित सीनेट की बैठक में पुष्टि के लिए रखा जाए।

2. संस्थान में संग्रहालय को स्थापित करने की दिशा में जिन विभागों/स्कूलों/इकाइयों से मशीन/उपकरण एवं पाण्डुलिपि की सूची प्राप्त हुई थी, उसमें से कोई भी प्राचीनता एवं पुरातात्विक महत्व का नहीं था। वर्तमान में रासायनिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग से प्राप्त मशीनों की सूची की जांच एक बार संग्रहालय समिति से कराने का निर्णय लिया गया है।

3. समिति को अवगत कराया गया कि डॉ. प्रीतम सिंह, सिरामिक अभियांत्रिकी विभाग से हिन्दी में पुस्तक लेखन का एक प्रस्ताव तैयार करके भेजने का अनुरोध किया गया था, परंतु कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। अतः समिति ने अब आगे इस बिन्दु पर कोई पत्राचार नहीं करने का निर्देश दिया है।

4. संस्थान की वेबसाइट को हिन्दी में तैयार करने के क्रम में मुख्य पृष्ठ (https://devtst.iitbhu.ac.in) को समिति के समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया गया।
   यह निर्णय लिया गया कि वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ में विभागों/स्कूलों की जानकारी को हिन्दी में तैयार किया जाए। इसके लिए आचार्य संजय कुमार पांडेय को दायित्व सौंपा गया है, जिनके द्वारा सभी विभागों/स्कूलों से संपर्क करके परिचय एवं कर्मचारियों की जानकारी हिन्दी में प्राप्त करके अपलोड करवाया जाए। वेबसाइट में संस्थान का नाम हिन्दी में ऊपर तथा अंग्रेजी में नीचे किया जाए।

5. राजभाषा नियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र के मानक रूप को हिन्दी में तैयार करके पुनः समीक्षा करने हेतु डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी, संयुक्त कुलसचिव (प्रशा0)- II को भेजा गया था। उक्त प्रपत्र राजभाषा प्रकोष्ठ को प्राप्त हो चुके हैं। इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि उक्त प्रपत्रों को सभी विभागों में भेजकर लागू करने का अनुरोध किया जाए।

6. समिति को यह अवगत कराया गया कि आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग को "भारतीय विज्ञान का इतिहास" पुस्तक लेखन के प्रस्ताव को दिसंबर 2023 में पूर्ण करके उसके प्रथम प्रारूप को प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जा चुका है।

7. वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा अभियांत्रिकी शब्दावली भेजी गई थी, जिसे राजभाषा के वेबपेज पर प्रयोग करने हेतु अपलोड किया जा चुका है। यह निर्णय लिया गया कि उक्त शब्दावली को प्रयोग में लाने हेतु सभी विभागों/स्कूलों से अनुरोध किया जाए।

**मद सं. 3: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी पिछली चार हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा।**

समिति के समक्ष पिछली चार तिमाहियों (जुलाई-सितंबर, 2022 से अप्रैल-जून, 2023) के हिन्दी प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति ने संतोष व्यक्त किया।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि संस्थान में हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट में भेजे गए कुल पत्रों का ब्योरा वाले कॉलम में क्रमिक बढ़ोतरी पायी गई है। परंतु वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पत्र का प्रारूप इस प्रकार तैयार किया जाए कि संबोधन एवं हस्ताक्षर वाले भाग को हिन्दी में तथा बीच के तकनीकी प्रकार के विषय-वस्तु को यथावत रखते हुए इसके प्रतिशत को बढ़ाया जाए। इस प्रकार के पत्रों को डी.एस.टी. एवं शिक्षा मंत्रालय के साथ पत्राचार में अवश्य प्रयोग में लाया जाए।

**मद सं. 4: संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग एवं अन्य मद पर चर्चा के दौरान निम्नलिखित निर्णय लिए गए-**

क) इस तिमाही बैठक में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रत्येक मद पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत संस्थान के नागरिक चार्टर को हिन्दी में राजभाषा प्रकोष्ठ के हिन्दी अनुवादक द्वारा तैयार करके प्रस्तुत किया जाए।

ख) संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा एक दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया जाए।

ग) प्रत्येक तिमाही हिन्दी कार्यशाला के आयोजन के क्रम में आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग को एक कार्यशाला गणित विज्ञान पर हिन्दी में करवाने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने उक्त कार्यशाला दिसंबर 2023 माह में करवाने की सूचना दी।

घ) भैषजकीय अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी (दिनांक 27 मई 2023) की रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ्स को भैषजकीय अभियान्त्रिकी विभाग के वेबसाइट पर गतिविधियां टैब (Activities) के अंतर्गत अपलोड करने हेतु विभागाध्यक्ष से अनुरोध किया जाए।

(मेजर निशा बलोरिया)
सदस्य सचिव

(स्वाति बिस्वास)
सदस्य

(सर्वेश कुमार तिवारी)
सदस्य

(सत्यवीर सिंह)
सदस्य

(संजय कुमार पांडेय)
सदस्य

(सुशांत कुमार श्रीवास्तव)
सदस्य

(राजन श्रीवास्तव)
सदस्य

(लाल प्रताप सिंह)
सदस्य

(एस.बी.द्विवेदी)
सदस्य

(रजनेश त्यागी)
सदस्य

(विकाश कुमार दुबे)
सदस्य

(प्रमोद कुमार जैन)
अध्यक्ष